तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार 12 जुलाई 2026

12 व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता...

12 शक्ति कार्यक्रम में जेसीआई जींद इंडस की महिला शाखा...


## खबर संक्षेप

### फर्जी ऑनलाइन निवेश गिरोह का सदस्य दबोचा

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने फर्जी ऑनलाइन निवेश गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरोह सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बनाता था। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। साइबर थाना के प्रभारी जगदीप सिंह ने बताया कि गांव दनौदा खुर्द निवासी सुमित ने शिकायत देकर बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर पर एक विज्ञापन देखा। जिसके माध्यम से उसे 804 एसएमसी रिसोर्स शेयरिंग ग्रुप से जोड़ा गया।

### बैंक मैनेजर के साथ मारपीट पर केस दर्ज

**जींद।** बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर के साथ मारपीट पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ मारपीट करने समेत न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। बीपी फेस्ट मोहाली पंजाब निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बैंक ऑफ बडौदा नरवाना में डयूटीरत है। गत नौ जुलाई को कार में सवार होकर अपने मकान पर जा रहा था। एचडीएफसी बैंक के निकट दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** थाना शहर नरवाना पुलिस ने बाइक चोरी मामले में एक आरोपित को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पतराम नगर नरवाना निवासी आकाश के रूप में हुई है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि पटेल नगर निवासी राजकुमार ने 10 जुलाई को बाइक चोरी होने की शिकायत दी थी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर पतराम नगर नरवाना निवासी आकाश को काबू कर चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है।

### सोलर पंप-ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी, केस दर्ज

**जींद।** बीती रात चोरों ने पिल्लूखेड़ा थाना इलाके में चोरो ने दो स्थानो से सोलर पंप तथा बिजली ट्रास्फार्मर के उपकरण चोरी कर लिए। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालवा निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर पंप व अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं गांव जामनी से रात को चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरणों को चोरी कर लिया।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने थाना पुंडरी क्षेत्र से आरोपी को अवैध देसी कट्टा सहित काबू कर लिया गया पुलिस प्रवक्ता ने ताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में हेड कांस्टेबल महेंद्र पाल टीम के साथ अपराधियों की धरपकड़ एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के उद्देश्य से गश्त पर मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के लिए दुल्हन की तरह सजाया जा रहा जींद, सड़कों की मरम्मत का काम तेज

# रात के समय सात रंगों में चमक रहा रेलवे स्टेशन

### डिवाइडर से लेकर सड़क किनारों पर लगी ईंटों पर किया जा रहा पेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा प्रस्तावित है। कार्यक्रम को छह दिन शेष रह गए हैं। दौरे को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियों को बढा दिया है। नए बस स्टैंड के पास हाइवे पर चढ़ने वाले सर्विस मार्ग को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा सफीदों रोड से हाइवे पर चढने वाले सर्विस रोड का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाइपास से होकर ही रेलवे जंक्शन तक जाने की योजना है। इसके अलावा वह शहर के बीचोंबीच से भी जंक्शन तक जा सकते हैं। प्रधानमंत्री के जंक्शन तक पहुंचने के तीन रुट हैं, इन तीनों ही रुटों पर बनी सड़कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है ताकि प्रधानमंत्री किसी भी रूट से जाएंए वह सुरक्षित और जल्द जंक्शन तक पहुंच जाएं। नए बस स्टैंड से लेकर रेलवे जंक्शन तक मुख्य सड़क के साथ जो भी सरकारी भवन की दीवार लगती है, उस पर पेंटिंग की जा रही है। इसमें जो सरकारी भवन है, उसी के अनुसार स्लोगन लिखे जा रहे हैं व पेंटिंग की जा रही है। नागरिक अस्पताल की दीवार पर स्वास्थ्य से संबंधित स्लोगन लिखे जा रहे हैं। इसके अलावा इसी प्रकार की पेंटिंग भी की जा रही है। अर्जुन स्टेडियम की दीवार पर खेल से संबंधित पेंटिंग की जा रही है और उसी के अनुसार स्लोगन लिखे जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की दीवारों पर पानी बचाने से लेकर स्वच्छ पानी पीने को लेकर स्लोगन लिखे जा रहे हैं। रेलवे जंक्शन के पास पार्क पर रेलवे से संबंधित पेंटिंग की जा रही है और स्लोगन लिखे जा रहे हैं। शहर के बीचोंबीच गोहाना रोड से लेकर नए स्टैंड के आसपास व रैली स्थल की तरफ जाने वाले सभी डिवाइडरों पर भी पेंट किया जा रहा है। गोहाना रोड के बीचोंबीच बने डिवाइडर पर भी नया पेंट किया जा रहा है। यहां पर जो बर्म बनी हैए उस पर भी पेंट किया जा रहा है। सड़कों की मुरम्मत का काम भी किया जा रहा है। जहां पर गड्डे थेए वहां पर नई सड़क बनाई जा रही है। डिवाइडर के बीच में लगे पौधों की भी छंटाई की जा रही है। जो पेड़ ऊंचाई के बावजूद सड़क की तरफ झुके हुए थेए उनकी कटाई व छंटाई की जा रही है ताकि सड़क पूरी तरह से साफ और दूर तक दिखाई दे। रानी तालाब की दीवारों को भी सजाया जा रहा है।


जींद। रेलवे जंक्शन पर निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार।

### प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा

पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। दिन के समय सफाई होने से शहर चमक रहा है। रात के समय लाइटों के कारण शहर चमक रहा है। खुद रेलवे स्टेशन पर रात के समय अलग-अलग रंगों में लाइटें चमकती हैं। ऐसे लगता हैए मानों रेलवे जंक्शन अपना बार.बार रंग बदल रहा है। सार्वजनिक भवनों पर चित्रकारी की जा रही है। डिवाइडरों पर भी पेंट किया जा रहा है। पूरा शहर एक अलग ही तरह से स्मार्ट सिटी जैसा नजर आने लगा है। पांच जुलाई को प्रधानमंत्री के जींद आगमन का कार्यक्रम फाइनल हुआ था। उसी दिन से पूरा प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुट गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार बैठकों का आयोजन किया और सभी अधिकारी तैयारी में जुट गए। अब इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खुद डीसी डाण वैशाली शर्मा पूरे मामले की मानिटरिंग कर रही हैं। जींद का अब तक मुख्य सचिव भी दौरा कर चुके हैं। इसके अलावा पुलिस अधिकारी भी जींद का दौरा कर चुके हैं। प्रतिदिन कोई न कोई भाजपा नेता भी जींद में आकर तैयारियों का जायजा ले रहा है। रेलवे के अधिकारी भी प्रतिदिन हाइड्रोजन प्लांट से लेकर जंक्शन का दौरा कर रहे हैं। पूरा प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है।

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने किया जंक्शन का निरीक्षण

■ जींद जंक्शन की बिल्डिंग और हाइड्रोजन प्लांट का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार शनिवार शाम को अपने स्पेशल रेलवे यान से जींद जंक्शन पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उत्तर रेलवे महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय व डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जींद जंक्शन की बिल्डिंग व हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री हाइड्रोजन ट्रेन देश को समर्पित करेंगे। यह रेलवे का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि जो ट्रेन यह बनाई गई है यह सबसे शक्तिशाली 2400 पावर की है। यह परियोजना स्वदेशी भारत योजना के तहत पूरी की गई है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। हाइड्रोजन गैस का सही उत्पादन नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन गैस यहां भी बनाई जा सकती है और बाहर से भी ली जा सकती है।

### दोनों तरीके से गैस का उपयोग किया जा रहा

जिस हिसाब से जरूरत होती है, उसके अनुरुप कार्य किया जाता है। वर्तमान में दोनों ही तरीके से गैस का उपयोग किया जा रहा है। जब इस प्लांट को बनाया गया था तो दोनों ही तरीके से हाइड्रोजन गैस की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर में 75 स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसका मुख्य कार्यक्रम जालंधर में होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अलग-अलग छोटे-बड़े काफी स्टेशनों का काफी बेहतर सुधार हुआ है। जींद रेलवे जंक्शन भी बेहतर सुंदर बना है। पूरे भारत में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1377 स्टेशनों के तहत सुंदर बना रहे हैं। इसमें छोटे व बड़े स्टेशन दोनों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि जींद जंक्शन का जीर्णोद्धार 25 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। जींद से सोनीपत के अलावा अन्य कहां हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की योजना के सवाल पर मैनेजर सतीश कुमार ने कहा कि यह एक नई तकनीक है। इसको पहले परखा जाएगा और इस पर आगे कार्य किया जाएगा। अभी जो जींद से सोनीपत के बीच हाइड्रोजन ट्रेन चलाई जाएगी, यह 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से चलेगी। इस ट्रेन पर काफी ट्रायल किए गए हैं।


जींद। पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते एसपी कुलदीप सिंह।

### शहर में हर चौक-चौराहे व सड़कों पर रहेंगे जवान

**जींद।** 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा प्रस्तावित है। दौरे को लेकर जहां सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं वहीं पुलिस प्रशासन ने भी शहर के हर चौक व चौराहे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पुलिस लाइन में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा उनके अधीन तैनात पुलिसकर्मियों को एकत्रित कर संबोधित किया और पूर्ण सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण करने, संवेदनशील स्थानों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी गंभीरता, सजगता और पेशेवर तरीके से निभाए ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

### रैली स्थल के आसपास बनाए जाएंगे सेफ हाउस

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद दौरा प्रस्तावित है। कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करेंगे वहीं करोड़ों रुपये की सौगातें हरियाणा प्रदेश को देंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर को सेफ हाउस बना दिया है। इसके अलावा एकलव्य स्टेडियम के पास हुडा ग्राउंड में रैली स्थल पर भी सेफ हाउस बनाए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे जंक्शन पर भी सेफ हाउस बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के काफिले के साथ चिकित्सकों एक स्पेशल टीम भी रहेगी। नागरिक अस्पताल को इसके लिए 15 एएलएस एंबुलेंस भी मांगी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग को कुल 30 एंबुलेंस की जरूरत है। जब भी कोई वीवीआइपी आता है तो स्वास्थ्य विभाग को उसके लिए स्वास्थ्य विभाग को स्पेशल तैयारियां करनी पड़ती हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 17 जुलाई को अनेक वीवीआइपी आने की संभावना है।

### ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कैथल पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। एंटी नारकोटिक सैल द्वारा एक आरोपी को 1 किलो 300 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव डोहर क्षेत्र में मौजूद थे।

## मेंटेनेंस के चलते तीन घंटे बिजली गुल, उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल

**कैथल।** बिजली निगम की ओर से कराए गए मेंटेनेंस कार्य के चलते शनिवार सुबह के समय शहर के कई क्षेत्रों में करीब 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। करनाल रोड, ढांड रोड, अंबाला रोड, पुराना शहर सहित कई इलाकों में बिजली नहीं आने से लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से दुकानदारों और छोटे कारोबारियों का काम भी प्रभावित रहा। बिजली निगम अनुसार निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के तहत लाइनों और उपकरणों की मरम्मत की गई। जिसके चलते पूर्व निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। हालांकि उमस और गर्मी के कारण लोगों ने लंबे समय तक बिजली कटौती पर नाराजगी भी जताई।

## ट्राले से कैंटर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सड़क के पास खड़े ट्राले से कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर चालक तिलकापुर थाना तालग्राम जिला कन्नौज उत्तरप्रदेश निवासी सूर्यप्रकाश (40) की मौत हो गई। मृतक के भाई चंद्रप्रकाश की शिकायत पर पूंडरी थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई कैंटर से सामान लाने ले जाने का काम करता है। चार से पांच दिन पहले राजस्थान सामान लोड करके लेकर गया था। नौ जुलाई को रात के समय पूंडरी बरसाना रोड पर खड़े ट्राले में उसके भाई सूर्यप्रकाश का कैंटर टकरा गया था। हादसे में सूर्यप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्राला चालक ने गलत तरीके से सड़क पर अपने ट्राला को खड़ा किया हुआ था। रात को अंधेरे के चलते गाड़ी अचानक से ट्राला से टकरा गई। ट्राला ड्राइवर ने डिपर भी नहीं जला रखे थे। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है।

### जापान में रह रहा भतीजा बन कर दो लाख का चूना

**जींद।** जापान में रह रहा भतीजा बन कर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को दो लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खोखरी निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुआ का पौता काकू जापान में रह रहा है। गत सात जुलाई को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। जिसने कहा कि अंकल मैं काकू जापान से बोल रहा हूं। अपना खाता नंबर भेज दो। जिसमें वह 15 लाख भेजेगा। जब वह घर वापस आएगा तो रुपये ले लेगा। खाता देने के बाद उसके पास व्हाट्सअप पर रसीद आई। जिसमें उसके खाते मे 15 लाख रुपये भेजे दिखाए गए थे। कुछ समय के बाद फिर से उसके पास व्हाट्सअप पर कॉल आई। जिसमे कहा कि उसका दोस्त पटियाला का रहने वाला है।

### 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी

## यूजी कोर्स में आवेदन को लेकर एक दिन शेष


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास एक दिन का समय बचा है। विद्यार्थी 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य 18 जुलाई तक होगा। 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद 21 जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 22 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 23 से लेकर 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली सीट रहने पर 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। पांच अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन और पहले वाले आवेदन में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छह से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। अगर फिर भी सीट खाली रह गई तो इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे।

### 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा होगी

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर केवल एक दिन का समय बचा है। विद्यार्थी 12 जुलाई तक दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उनके पास 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा।

हरिभूमि एवं जनता TV
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026


1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)
नॉमिनेशन का आज अंतिम दिन

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### समय पर करवाएं सत्यापन : एसडीएम

**उचाना।** एसडीएम रमित यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सभी मतदाताओं से समय रहते सत्यापन प्रक्रिया पूरी कराने की अपील। एसडीएम ने कहा कि 14 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र जमा करना जरूरी है। अंतिम दिन का इंतजार करने पर मतदाता सूची से नाम संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद यदि किसी मतदाता को आपत्ति या सुधार कराना होगा तो निर्वाचन कार्यालय की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

### प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर तैयारियां तेज

**उचाना।** जींद में 17 जुलाई को एशिया की सबसे लंबी और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर उचाना विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री और भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। जनसंपर्क अभियान के तहत विधायक देवेंद्र अत्री और सुषमा अत्री अलग-अलग गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण देंगे।

### 21 जुलाई के प्रदर्शन की तैयारियों में जुटी यूनियन

**जींद।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर 21 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय विशाल आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियां पूरे जिले में जोरों पर हैं। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी ब्लॉकों में मजदूर पंचायतें आयोजित की जा रही हैं तथा गांव-गांव बैठकों के माध्यम से निर्माण मजदूरों को आंदोलन में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया जा रहा है। यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने बताया कि सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों निर्माण मजदूरों के बंद पड़े पंजीकरण कल्याणकारी योजनाओं पर रोक तथा श्रम कानूनों पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में सभी ब्लॉकों में मजदूर पंचायतें आयोजित की गईं।

### प्रदर्शन की तैयारी में जुटे अनुबंधित बिजली कर्मी

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की सांगठनिक बैठक नरवाना डिवीजन के अंतर्गत गढ़ी सब डिवीजन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गढ़ी सब डिवीजन के अध्यक्ष बलविंदर पांचाल ने की। जबकि मंच संचालन सागर ने किया। बैठक में अनुबंधित कर्मचारियों की लंबित मांगोंए सरकार की वादाखिलाफी और 17 जुलाई को प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### संगठन मजदूर हितों को लेकर करेगा वार्ता

**जींद।** हरियाणा भवन निर्माण एवं सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने 14 जुलाई को भवन निर्माण श्रमिकों से संबंधित लंबित मांगों का समाधान करने के लिए हरियाणा कल्याण बोर्ड पंचकूला में केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी को एवं अन्य श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। जिसमें एआईयूटीयूसी एवं भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा हिस्सा लेगी। राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि श्रमिकों के हित लाभ बंद कर दिए गए हैं। सरकार खुद मानती है कि कल्याण बोर्ड में व्यापक भ्रष्टाचार है।

### जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आवश्यक आदेश

**जींद।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ वैशाली शर्मा नें बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट डा. वैशाली शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आवश्यक आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि आदेशों के अनुसार ऐसे व्यक्ति जिनके विरुद्ध गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं, जो पुलिस अभिलेखों में अपराधी के रूप में पंजीकृत हैं।

## प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियों का डीसी ने किया निरीक्षण

# व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं

### बैठक के दौरान रूट प्लान की भी विस्तार से समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को जींद के एकलव्य स्टेडियम समीप हुड्डा ग्राउंड में आयोजित होने वाली प्रस्तावित जनसभा के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में शनिवार को उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रैली स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया तथा मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने रैली स्थल पर वाहन पार्किंग, सुगम यातायात व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ.-सफाई, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं ताकि रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का



**जींद।** रैली स्थल पर दिशा-निर्देश देते डीसी डा. वैशाली शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

निर्वहन पूरी निष्ठाए तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इससे पूर्व उपायुक्त ने स्थानीय जिला सचिवालय परिसर स्थित सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की एक-एक कर समीक्षा की गई तथा सभी अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैली से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय रहते अंतिम रूप दिया जाए। बैठक के दौरान रूट प्लान की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात संचालन सुचारू रहे तथा आम नागरिकों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने पार्किंग स्थलों, वैकल्पिक मार्गों एवं यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य रैली का सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी विभाग पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें तथा सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध ढंग से पालन करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करते रहें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें ताकि आयोजन निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में कुरुक्षेत्र एडीसी विवेक आर्य, एडीसी प्रदीप कुमार, जिला नगर आयुक्त अनिल दून, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, उचाना एसडीएम रमित कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## शक्ति कार्यक्रम में जेसीआई जींद इंडस की महिला शाखा को तीन सम्मान मिले

**जींद।** करनाल के अग्रसेन भवन में जेसीआई गोल्ड द्वारा आयोजित शक्ति द पावर इनसाइड कार्यक्रम में जेसीआई जींद इंडस की महिला शाखा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किए। कार्यक्रम के दौरान संस्था को श्रेष्ठ महिला शाखा सम्मान, उत्कृष्टता सम्मान तथा स्टार महिला शाखा सम्मान से सम्मानित किया गया। ये सम्मान महिला नेतृत्व, संगठनात्मक कार्यों, समाज सेवा और जनहित में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किए गए। संस्था के संरक्षक जेएफएम सुभाष श्योराण ने कहा कि यह उपलब्धि महिला शाखा की मेहनत, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। वहीं संस्था के प्रधान जेसी अश्वनी कुमार ने इस सफलता का श्रेय सभी महिला सदस्योंए पदाधिकारियों और सहयोगियों को देते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाज सेवाए नेतृत्व विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में इसी तरह सक्रिय भूमिका



निभाती रहेगी। कार्यक्रम में जोन प्रेसिडेंट अमित गौड़ और जोन वाइस प्रेसिडेंट चित्रेश भोला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जेसीआई जींद इंडस की महिला शाखा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इन सम्मानों से संस्था के सदस्यों में खुशी का माहौल है। विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संगठनों ने जेसीआई जींद इंडस की महिला शाखा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



**जींद।** समारोह में सम्मानित होते सुप्रसिद्ध चित्रकार एवं कार्टूनिस्ट दीपक कौशिक।

### दीपक को प्रेरणा सम्मान से नवाजा

**जींद।** कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता से विशेष पहचान बनाने वाले जींद के प्रसिद्ध चित्रकार एवं कार्टूनिस्ट दीपक कौशिक को उनकी उत्कृष्ट कलात्मक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता एवं प्रेरणा सम्मान.2026 से सम्मानित किया गया। एलसीसी बीएफएसआई फैमिली द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महान विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन निजी होटल जींद में गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में कला, शिक्षा, समाज सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान करना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करता है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**उचाना।** नागरिक अस्पताल उचाना में विश्व जनसंख्या दिवस-2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील गर्ग ने की। डॉ. सुशील गर्ग ने कहा कि वर्तमान में विश्व की जनसंख्या 8 अरब से अधिक तथा भारत की जनसंख्या लगभग 1.47 अरब हो चुकी है। लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण महंगाई, आवास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है, जो विकसित भारत के लक्ष्य के लिए भी चुनौती है। कहा कि छोटे, स्वस्थ और खुशहाल परिवार की अवधारणा को अपनाना समय की आवश्यकता है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का संदेश जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल है। इस संदेश को अपनाते हुए विवाह सही उम्र में करना, पहला बच्चा शादी के दो वर्ष बाद तथा दूसरे बच्चे के जन्म में कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना चाहिए।

### शिक्षा मजबूत समाज के निर्माण की आधारशिला

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के कुलगुरु प्रो.राम पाल सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक आधार उसकी बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण होता है। जब बेटियां सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करती हैं तभी परिवारए समाज और राष्ट्र का संतुलित विकास संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नही बल्कि बेहतर नागरिक और मजबूत समाज के निर्माण की आधारशिला है। प्रो. राम पाल सैनी शुक्रवार को शहीद रामकिशन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिगाना में आयोजित एक भव्य समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. कुलबीर सिंह ने की। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



विवि कुलगुरू प्रो. रामपाल सैनी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते ग्रामीण।



**जींद।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम।

### प्रधानमंत्री की रैली का दिया निमंत्रण

**जींद।** सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रस्तावित ऐतिहासिक जनसभा को लेकर जनसंपर्क अभियान को और तेज करते सफीदों विस क्षेत्र के गांव सिंहपुरा, बहादुरपुर, खरकड़ा, कारखाना, रामनगर तथा हाट गांव का दौरा किया। गांवों के सम्मानित कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें जनसभा में ससम्मान आमंत्रित किया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

### डेंगू से बचाव के उपाय बताए

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के अंतर्गत गांव आसन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाते डेंगू जागरूकता अभियान चलाया गया। एमपीएचडबल्यू मनजीत शर्मा ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए प्रत्येक परिवार को ट्रिपल सी फार्मूला अपनाना चाहिए। चेक करें कि घर में कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज के पीछे की ट्रेर, पशुओं की होदी, गमले तथा अन्य पानी के बर्तनों में मच्छरों का लार्वा तो नहीं पनप रहा है। इसकी नियमित जांच करें। क्लीन करें, इन सभी बर्तनों को सप्ताह में कम से कम एक बार पूरी तरह खाली कर साफ करें ताकि डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर को पनपने का अवसर न मिले। मनजीत शर्मा ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें।



मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते एमपीएचडब्ल्यू मनजीत शर्मा।



**जींद।** कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

### बजरंग दल ने फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया

**जींद।** बजरंग दल जींद इकाई द्वारा सेवा सप्ताह के तहत शनिवार को वाल्मीकि धर्मशाला में निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। संगठन ने बताया कि पांच से 12 जुलाई तक मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के दौरान पौधारोपणए स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेडिकल कैंप में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन डॉण् विजेंद्र ढांडा ने कहा कि जनसेवा के ऐसे कार्यों के लिए स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम हमेशा सहयोग को तैयार रहती है। वहीं हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के प्रदेश वाइस चेयरमैन भारत भूषण टाक ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर सेवा कार्यों की सराहना की। हरीश रामकली ने कहा कि संगठन सेवा बस्तियों में सेवा कार्य करते समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## संगठन की गतिविधियों तथा भविष्य की रणनीति पर चर्चा

- कांग्रेस नेता रघुबीर भारद्वाज ने कांग्रेस प्रभारी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुबीर भारद्वाज ने शनिवार को हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त से मुलाकात की। जिसमें हरियाणा की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, प्रदेश के समग्र राजनीतिक परिदृश्य, संगठन की गतिविधियों तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। रघुबीर ने बताया कि दौरान प्रदेश के सभी जिलों में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस को और



अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा आगामी संगठनात्मक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। साथ ही प्रदेश में बदलते राजनीतिक समीकरणों, जनता की अपेक्षाओं तथा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदमों पर भी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा में जनभावनाओं के अनुरूप और अधिक सशक्त होकर जनता की आवाज़ बनेगी।

## जलभराव की स्थिति न बने, सभी विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में मानसून को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों से उनके स्तर पर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ मानसून सीजन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी जलभराव की



**जींद।** बैठक में भाग लेते डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

स्थिति न बनने दी जाए तथा संभावित समस्याओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पहले से सुनिश्चित किए जाएं। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त करते हुए बताया कि जिले में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जलभराव वाले संभावित स्थानों की पहचान कर ली गई है तथा वहां पंपिंग सेट सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है।



**जींद।** मॉडल का प्रदर्शन करते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### डीएन मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा, जल चक्र, ज्वालामुखी मॉडल, मानव पाचन तंत्र, विद्युत परिपथ, स्मार्ट सिटी, 3 डी ज्यामितीय आकृतियां, अबेकस तथा गणितीय मॉडल सहित अनेक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता का आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुतीकरण किया। जिसकी सभी आगंतुकों ने सराहना की। विद्यालय की उप प्राचार्या रुचि गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच, रचनात्मकता एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास करती हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने जलालपुरा कलां में चलाया रैपिड फीवर मास सर्वे

# बीमारियों को रोकने में स्वास्थ्य विभाग का साथ दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राराथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जलालपुर कलां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे एवं मलेरिया, डेंगू जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली, बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी ताकि समय रहते मलेरिया की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। अभियान के दौरान



**जींद।** घर के बाहर रखे पानी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जाता है। बरसात के मौसम में डेंगू एवं मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक परिवार को अपने घर, आंगन और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए तथा कहीं भी पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। एमपीएचडबल्यू पवन श्योकंद ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कंपन के साथ बुखार चढ़े, बार-बार पसीना आए, तेज सिर दर्द, शरीर में दर्द, कमजोरी या उल्टी की शिकायत हो तो यह मलेरिया का संकेत हो सकता है। ऐसे में बिना देरी किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जा कर जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर मलेरिया की जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

#### इन नियमों को अपनाएं

उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज एजिप्टी मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों, फ्रिज की ट्रे तथा अन्य जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई करें और सप्ताह में एक बार सभी जल पात्रों को खाली कर ड्राई डे अवश्य मनाएं। साथ ही घरों के आसपास की नालियों की नियमित सफाई करें, पानी से भरे गड्ढों को मिट्टी से भरें तथा जहां संभव हो ठहरे हुए पानी में गम्बूजिया मछली छोड़ी जाए, जो मच्छरों के लार्वा को खाकर उनके प्रजनन को नियंत्रित करने में सहायक होती है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे फीवर मास सर्वे में सहयोग करें, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को रोकने में स्वास्थ्य विभाग का साथ दें।



**जींद।** शिविर में जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर लगाया

**जींद।** गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए शनिवार को निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन हुआ। हृदय विशेषज्ञ अंकिता शर्मा और अमर अस्पताल मोहाली से उनकी टीम ने ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी व अन्य लैब टेस्ट सुविधाएं प्रदान की। इसी के साथ सैनिक परिवारजनों की मासिक सभा का भी आयोजन हुआ। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित सभा मे 150 से ज्यादा पूर्व सैनिक व उनके परिवारजनों ने शिरकत की और निशुल्क मेडिकल चेकअप सुविधाओं का लाभ उठाया। डा. शर्मा ने बारिश के मौसम में स्वयं को स्वास्थ्य रखने के उपाय सुझाए।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी के 26 बोतल देशी सहित दो दबोचे

**कैथल।** अवैध शराब तस्करो व खुर्दो पर जिला पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अलग-अलग 2 मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 26.5 बोतल देशी शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पहले मामले में पुलिस चौकी अनाज मंडी के एसआई बलवान व सिपाही कृष्ण की द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने पर खनोरी रोड कैथल स्थित एक दुकान पर दबीश देकर आरोपी आरोपी शक्ति नगर निवासी विक्रम को 50 पव्वे देशी शराब सहित काबू कर लिया गया। दूसरे मामले में अपराध शाखा कलायत के एएसआई मंजीत व सिपाही विजय की टीम द्वारा एक खुफिया सूचना के आधार पर गांव नैना स्थित एक दुकान पर दबीश देकर आरोपी इसी गांव निवासी धर्मबीरको काबू किया गया। जिसके कब्जे से 14 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने की समस्याओं पर चर्चा

**राजौंद।** गांव मडवाल में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुंडू ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान गांव के काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उन्होंने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा।ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली, पानी, गलियों की स्थिति, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों को लेकर अपनी बात रखी। सुनील कुंडू ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा।

### भाजपा युवा मोर्चा के कमल बने जिला सह-संयोजक

**राजौंद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला कैथल द्वारा राजौंद के युवा कार्यकर्ता कमल राणा को डिजिटल शिक्षण मंच (डीएलपी) एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा-2026 के लिए जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल है।
नियुक्ति के बाद कमल राणा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटियों की शिक्षा पर जोर

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गुहला के 75 गांव के 180 आंगनबाड़ी केंद्रों के अंदर हर दिन गतिविधियां मनाई जा रही है। इसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ, आओ स्कूल चले, लड़कियों की एनीमिया की जांच व मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में किशोरियों को समझाना, ग्राम सभा के द्वारा महिला पंचों के साथ बैठकर महिलाओं व बच्चों के अधिकारों के विषय में बातें करना ,पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के बारे में हर गांव की महिलाओं को जागरूक करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ को सेल्फी विद डॉटर और बेटी के नाम पौधारोपण जैसी गतिविधियां करवाई गई।

## आपत्तियों के बाद भी प्लांट का जारी रहना लापरवाही नहीं, सुनियोजित साजिश

# खुराना कचरा प्लांट सरकार और निजी कंपनी की मिलीभगत का खुला प्रमाण

**ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खेल रही व्यवस्था: देवेंद्र हंस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


गुहला से विधायक देवेंद्र हंस खुराना के ग्रामीणों को धरने पर समर्थन देने पहुंचे।

गुहला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने आज गांव खुराना पहुंचकर कचरा प्रबंधन प्लांट के विरुद्ध लंबे समय से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों के धरने को अपना पूर्ण समर्थन दिया। विधायक ने धरनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और आसपास के गांवों से आए लोगों से विस्तार से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि कचरा प्लांट से उठने वाली असहनीय दुर्गंध, खुले में पड़ा कचरा, गंदा पानी, मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप तथा दूषित वातावरण उनके दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है।

धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए देवेंद्र हंस ने कहा कि खुराना में चल रहा यह कचरा प्लांट अब केवल एक स्थानीय समस्या नहीं रह गया है। यह इस बात का जीवित प्रमाण बन चुका है कि जब सरकार, प्रशासन और निजी कंपनी एक-दूसरे को बचाने पर उतर आएं, तब आम नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन और अधिकारों की किस प्रकार बलि दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले को अब सरकारी लापरवाही कहकर छोटा नहीं किया जा सकता, क्योंकि लापरवाही तब होती है जब सरकार को जानकारी न हो या अधिकारी समय पर कार्रवाई न कर पाएं। यहां स्थिति इसके ठीक विपरीत है। सरकार के अपने विभागों ने लिखित रूप से नियमों के उल्लंघन दर्ज किए हैं, इसके बावजूद सरकार ने प्लांट को बंद नहीं कराया और न ही उसे किसी सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया।

उन्होंने कहा कि इससे बड़ा विरोधाभास क्या होगा कि सरकार का अपना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लांट को नॉन-कम्प्लाइंग घोषित कर रहा है, लेकिन सरकार उसी प्लांट को चलते रहने दे रही है। जब विभाग स्वयं मान रहा है कि नियमों का पालन नहीं हो रहा, तब सरकार का कर्तव्य था कि तत्काल संचालन रोका जाता, जिम्मेदार अधिकारियों और कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाती तथा ग्रामीणों को राहत दी जाती। इसके बजाय महीनों और वर्षों तक पत्राचार चलता रहा, फाइलें एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भेजी जाती रहीं और जमीन पर वही दुर्गंध, वही कचरा और वही प्रदूषण बना रहा।

### व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

देवेंद्र हंस ने कहा कि सिंचाई विभाग ने भी अपने निरीक्षण में इस स्थिति को गंभीर माना। विभाग ने यह दर्ज किया कि कचरा स्थल के साथ सिंचाई विभाग की नहरी खाल मौजूद है और कचरा खाल अथवा उसके आसपास की गहरी जगहों में जाने से गंदा तथा प्रदूषित पानी जमा होने की स्थिति बन रही है। कचरा ढोने वाले वाहनों और खुले में गिराए जा रहे कचरे से नहरी पानी, सिंचाई व्यवस्था और आसपास की जमीन प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई। जब सिंचाई विभाग स्वयं सरकार को सचेत कर चुका है, तब भी कोई निर्णायक कार्रवाई न होना यह बताता है कि सरकार समस्या का समाधान नहीं चाहती, बल्कि जिम्मेदार लोगों और कंपनी को बचाना चाहती है।

### रिपोर्टों के बाद भी स्थिति नहीं बदली

देवेंद्र हंस ने कहा कि सरकार की मिलीभगत का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उसके अपने विभागों की रिपोर्टों के बाद भी स्थिति नहीं बदली। यदि कोई आम दुकानदार या छोटा किसान बिना अनुमति कोई कार्य करता, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो जाती। उसका बिजली कनेक्शन काट दिया जाता, प्रतिष्ठान सील हो जाता और मुकदमा दर्ज कर दिया जाता। लेकिन यहां नगर परिषद और निजी कंपनी से जुड़ा मामला है, इसलिए कार्रवाई के नाम पर पत्र लिखे गए और समय बीतता रहा। सरकार के नियम आम आदमी के लिए लोहे की दीवार हैं और अपने लोगों के लिए रबर की पट्टी, जिसे सुविधानुसार खींच दिया जाता है।

### प्रभावित गांवों के खड़े रहेंगे

देवेंद्र हंस ने अंत में कहा कि वह गांव खुराना और आसपास के प्रभावित गांवों के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। सरकार यदि शांतिपूर्ण आंदोलन और दस्तावेजी प्रमाणों के बाद भी निर्णय नहीं लेती, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा, "ग्रामीणों के स्वास्थ्य और भविष्य से किसी कंपनी को व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा बनेगा ऐतिहासिक: कृष्णा


पुंडरी। सरकार की विकास नीतियों पर अपने विचार रखते चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुण्डरी

मार्कीट कमेटी पाई के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम हर जिले और हर गांव में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा हरियाणा के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं, जो हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली के कारण हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में लगातार बड़े निवेश किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश की विकास गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि जींद में आयोजित होने वाला कार्यक्रम हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनेगा।

### योजनाओं को सराहा

भाजपा सरकार ने ईमानदार और पारदर्शी प्रशासन की नई कार्य संस्कृति स्थापित की है। किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और गरीब परिवारों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। प्रदेश में मेरिट आधारित व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर अंकुश के कारण जनता का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। पिलनी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आह्वान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हरियाणा के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

## पेंशन से जुड़ी त्रुटियों के समाधान के लिए लगाया गया विशेष शिविर

- 81 लाभ पात्रों का डाटा पोर्टल पर किया गया दुरुस्त: एडीसी डॉ. सुशील कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। लघु सचिवालय के सभागार में पेंशन डाटा दुरुस्तीकरण के लिए विशेष शिविर में भाग लेते लाभार्थी। फोटो: हरिभूमि

एडीसी डॉ सुशील कुमार के कहा कि शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में पेंशन डाटा दुरुस्तीकरण के लिए विशेष शिविर लगाया गया। इस शिविर में कैथल शहर, ढांड, पूंडरी, राजौंद के 81 लाभ पात्रों के पेंशन से संबंधित दस्तावेज को दुरुस्त किया गया। शिविर में बुजुर्ग लाभार्थियों व उनके परिजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही उनका समाधान किया जायेगा। शिविर में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित समस्याओं, दस्तावेजों में नाम की त्रुटि, बैंक खाते की गलत जानकारी, आधार कार्ड में नाम अथवा पिता के नाम में अंतर जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेन्द्र व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### पुलिस बनी जरूरतमंद परिवार का सहारा

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के उद्देश्य से लगातार मुस्तैदी बरती जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इसी क्रम में थाना कलायत की ईआरवी-394 टीम रात्रि गश्त के दौरान जम्मू-कटरा हाईवे पर गांव सीनंद के समीप पहुंची, जहां नूंह निवासी एक परिवार की कार का टायर अचानक फट जाने के कारण वे सड़क पर असहाय स्थिति में खड़े थे। परिवार जम्मू की ओर यात्रा कर रहा था। ईआरवी पुलिस टीम मात्र 5 मिनट में परिवार के पास पहुंच गई। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर परिवार की सहायता की तथा आवश्यक प्रयास करते हुए उनके वाहन के लिए नया टायर उपलब्ध करवाया।

## पाई के जर्जर स्वास्थ्य केंद्र को सीएचसी में अपग्रेड करने की मांग ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई


पाई। जर्जर स्वास्थ्य केंद्र। फोटो: हरिभूमि

गांव पाई का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रहा है। भवन के जर्जर होने के कारण विभाग ने स्वास्थ्य केंद्र को अस्थायी रूप से शिफ्ट तो कर दिया है, लेकिन नए भवन के निर्माण को लेकर सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। ग्रामीण महावीर, संजय, रामकुमार और अन्य निवासियों ने बताया कि साल 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सामने इस स्वास्थ्य केंद्र को गिराकर सड़क किनारे नया भवन बनाने की मांग रखी गई थी। उस समय मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति भी जताई थी, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। नशा तस्कर भी इसको अपना स्थान बना सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुराना भवन कभी भी गिर सकता है और बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा इस स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर सड़क किनारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जा चुका है, परन्तु सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरकार से चेतावनी भरे लहजे में मांग की है कि इस जर्जर भवन की सुध लेकर जल्द से जल्द यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए।

## नरवाना में एसआईआर प्रक्रिया का कार्य पूरा होने के निकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

नरवाना विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया का कार्य शत प्रतिशत पूरा होने के बिल्कुल निकट है। उम्मीद है कि इस प्रक्रिया के पूरा होने का शत प्रतिशत लक्ष्य 12 जुलाई यानी रविवार को हासिल कर लिया जाएगा। इस सफलता के लिए सभी बीएलओ व प्रक्रिया से जुड़े अन्य कर्मचारी बधाई के पात्र होंगे। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुर्नानिरीक्षण को लेकर शनिवार को बुलाई समीक्षा बैठक में निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह जानकारी दी। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में बुलाई गई इस बैठक में एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र- 38 (आरक्षित) में मतदाता सूचियों के पुर्ननिरीक्षण का कार्य 111 बूथों पर शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, जबकि 112 बूथों पर इस कार्य की प्रगति 99त्न से पार हो चुकी है। यहां विदित रहे की यह आंकड़ा शनिवार यानी 11 जुलाई बाद दोपहर 2:00 बजे तक का ही है। एसडीएम ने ऑनलाइन डिजिटाइजेशन के बारे में बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कुल 2 लाख 27 हजार 533 मतदाताओं में से अभी तक 1 लाख 96 हजार 523 मतदाता प्रक्रिया से जोड़े जा चुके हैं और अब बताए गए समय के बाद केवल लगभग 31 हजार के आसपास ही वोटर शेष बचे हैं।

## आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों को इंटर्नशिप के माध्यम से मिल रहा व्यावहारिक ज्ञान

- जिला प्रशासन एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में कर रहे हैं कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। बच्चों को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी देते प्राचार्य।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों को अनुभवात्मक एवं कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल के विद्यार्थी इस वर्ष ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के माध्यम से जिला प्रशासन, कैथल के विभिन्न विभागों तथा प्रतिष्ठित सरकारी एवं निजी संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन इंटर्नशिप कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक कार्य-परिवेश से जोड़ते हुए उन्हें रोजगारोन्मुख एवं कौशल-संपन्न बनाना है। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, जिला राजस्व कार्यालय, जिला सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, नागरिक अस्पताल, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सहित विभिन्न सरकारी विभागों में प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

## प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक

**जींद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालयए जींद में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए पूरे हरियाणा में महिला मोर्चा की संगठनात्मक तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डा. अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिली है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा महिलाओं की भागीदारी को नए आयाम मिलेंगे।


जींद। मंच पर मौजूद भाजपा महिला पदाधिकारी।

## बलकार कॉलोनी के श्री शिव कृपा महादेव मंदिर में आज होगी प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुण्डरी


पुंडरी। शोभा यात्रा में भाग लेते हुए श्रद्धालु व कलाकार।

पूंडरी शहर की बलकार कॉलोनी स्थित नवनिर्मित श्री शिव कृपा महादेव मंदिर में भगवान शिव परिवार एवं शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शनिवार को भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में निकली यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक गीतों और भजनों के साथ नगर भ्रमण किया।

शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर कैथल-करनाल रोड, गिरधरलाल अहलूवालिया चौक, माता मनसा देवी मंदिर होते हुए गांव फतेहपुर के नगर खेड़े तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन किए और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान महिलाएं मंगल गीत गाती हुई और भजनों पर झूमती नजर आईं, वहीं श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मंदिर में भगवान शिव परिवार एवं शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न कराया जा रहा है। रविवार को विधि-विधान से हवन-यज्ञ के साथ मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

## प्रशासन ने करवाया सरोला साइफन की सफाई का कार्य

# गुहला-चीका क्षेत्र के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत

**क्षेत्र के लोगों को कोई समस्या आए तो प्रशासन के संज्ञान में लाए जिम्मेदार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


गुहलाचीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव घग्गर नदी का निरीक्षण करते हुए।

गुहला-चीका के एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा द्वारा घग्गर नदी पर गुहला-चीका क्षेत्र में स्थित सरोला साइफन की लंबे समय से लंबित सफाई एवं गाद निकालने के कार्य (डी-सिल्टिंग)सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया है । यह साइफन अपने निर्माण के बाद से अब तक साफ नहीं किया गया था तथा स्थानीय लोगों की यह एक पुरानी मांग थी। सिंचाई विभाग के अनुसार साइफन में भारी मात्रा में सिल्ट जमा होने के कारण जल के निर्बाध प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे हरियाणा एवं पंजाब के ऊपरी क्षेत्रों में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती थी और लगभग 40 गांव प्रभावित हो रहे थे। इस गंभीर समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग ने इस कार्य को इस वर्ष सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए साइफन के सभी 48 दर्रों की सफाई करवाई। यह कार्य बोली प्रक्रिया द्वारा किया गया जिससे सरकार को लगभग 2 करोड रूपये राजस्व प्राप्ति भी होनी है ।

### 16 फीट तक जमी गाद को हटाया

कार्य के दौरान स्थल से लगभग 16 फुट तक जमी गाद एवं अन्य अवसाद को हटाया गया है। इस कार्य के पूर्ण होने से वर्तमान मानसून के दौरान साइफन से बाढ़ के पानी का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित होगा, जिससे लगभग 40 प्रभावित गांवों की आबादी तथा विशाल कृषि भूमि को बाढ़ से सुरक्षा प्राप्त होगी। इस लंबे समय से लंबित कार्य के पूर्ण होने पर घग्गर नदी के गुहला-चीका क्षेत्र सहित पंजाब एवं हरियाणा के स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा हरियाणा सरकार के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध रूप से निष्पादन कराने के लिए जिला प्रशासन एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग का भी आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में तीन गुना अधिक पहुंचे आवेदन

**कैथल।** तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बढ़ते अवसरों के चलते जिले के युवाओं का रुझान इस बार आईटीआई की ओर तेजी से बढ़ा है। राजकीय आईटीआई कैथल में निर्धारित सीटों के मुकाबले 3 गुना से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अब तक आवेदन संख्या 7 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। जबकि ऑनलाइन आवेदन और ट्रेड च्वाइस भरने की प्रक्रिया में अभी चार दिन शेष हैं। आवेदन और ट्रेड चयन दोनों में तेजी देखने को मिल रही है।

### मूंदड़ी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**कैथल।** गांव मूंदड़ी में खेत में लगे 16 केवीए कृषि ट्रांसफार्मर का सामान चोरी हो गया। घटना 7 जुलाई की रात की बताई गई है। चोरी से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को 55 हजार 344 रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बिजली अधिनियम की धारा 136 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी बिजली निगम के एसडीओ महेंद्र कुमार ने बताया कि मूंदड़ी में बाबू राम के कृषि बिजली कनेक्शन से चोर सामान चोरी कर ले गए।

### दो माह से नियमित जलापूर्ति नहीं, नारेबाजी

**कैथल।** शहर के वार्ड नंबर 26 स्थित माता गेट क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लंबे समय से नियमित पानी की सप्लाई नहीं मिलने से परेशान लोगों ने जमकर हंगामा किया और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### शिक्षा व्यवस्था की पोल खुली : कुमारी सैलजा

**नरवाना।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की यूडीआईएसई+ रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि स्वयं केंद्र सरकार के आंकड़े यह स्वीकार कर रहे हैं कि हरियाणा में शिक्षा व्यवस्था का ढांचा लगातार कमजोर हो रहा है। यदि केंद्र सरकार की रिपोर्ट में सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों, आधारभूत सुविधाओं की कमी तथा शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों का उल्लेख किया गया है, तो हरियाणा सरकार को यह बताना चाहिए कि पिछले लगभग 12 वर्षों में दावे हकीकत में क्यों नहीं बदले।

### थाने के बाहर पंचायत में महिला की तबीयत बिगड़ी

**कैथल।** करनाल रोड महिला थाना के बाहर हो रही दो पक्षों की पंचायत में 23 वर्षीय विवाहिता की तबीयत बिगड़ गई। स्वजन का कहना है कि बेटी ने कोई जहरीला पदार्थ खाया है जबकि पुलिस का कहना है कि उसे कोई दौरा पड़ गया था। महिला थाना पुलिस की गाड़ी में लेजाकर विवाहिता को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में पहुंचे पूंडरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि करीब तीन साल पहले उसकी बेटी की शादी चीका थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ की थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

# भारत के रेलवे इतिहास में जींद रचेगा स्वर्णिम अध्याय : डॉ. कृष्ण मिड्ढा

- जीतगढ़ में दो करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले जल घर की दी जानकारी
- डिप्टी स्पीकर ने विभिन्न गांवों का दौरा कर प्रधानमंत्री की जनसभा में शामिल होने का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


जींद। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जींद जल्द ही भारत के रेलवे इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का साक्षी बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। यह केवल हरियाणा ही नही बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है और स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शनिवार को अपने तीन दिवसीय जनसंपर्क अभियान के दौरान दूसरे दिन विधानसभा के श्रीरागखेड़ा, कंडेला, जीतगढ़, कैरखेड़ी, अहिरका, बडौदी समेत लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों व शहरी क्षेत्र के दौरान कहे। इस दौरान उन्होंने कंडेला गांव में बने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया और ग्रामीणों की मांग पर जीतगढ गांव में दो करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले जल घर की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उनके साथ टेकराम कंडेला, पार्षद बलवंत, बबलू गर्ग, राधेश्याम शर्मा, पूर्व प्राचार्य जयनारायण गहलोत, सुभाष दुग्गल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जींद अब देश की हरित रेल क्रांति का साक्षी बनेगा। हाइड्रोजन ऊर्जा से संचालित यह ट्रेन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और भविष्य में स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### साइकिलों, ई रिक्शा व ई स्कूटी से पहुंचेंगे लोग

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह का माहौल है। गांवों व शहरी क्षेत्र से जनसभा में पहुंचने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ के साक्षी बनने तथा प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए लोगों में विशेष उत्साह है। बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर व ट्रॉलियों, रेहडियों, बागियों, साइकिलों, ई रिक्शा तथा ई स्कूटी सहित विभिन्न साधनों से जनसभा स्थल तक पहुंचेंगे।



### सरकारी स्कूलों के 200 बच्चे करेंगे हाइड्रोजन ट्रेन का सफर

- हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन से पहले सरकारी स्कूलों में होगी पेंटिंग प्रतियोगिताएं

**जींद।** आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करने आएंगे। इस उद्घाटन हाइड्रोजन ट्रेन में सवार होने के लिए जींद जिले के कक्षा छठी से नौवीं कक्षा के 200 स्कूली छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ट्रेन में सफर कर सकेंगे। हालांकि सभी बच्चों को पांडू पिंडारा स्टेशन पर उतार दिया जाएगा और वापस जींद स्टेशन ले जाया जाएगा। मेरे शहर का विकसित भारत में कैसा होगा और विकसित भारत बनने के लिए मैं क्या करुंगा या करुंगी विषय पर ड्राइंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता के मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नव पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशन जींद और नरवाना का भी उद्घाटन करेंगे। उत्तरी रेलवे दिल्ली मंडल के मंडलीय रेल प्रबंधक कार्यालय ने खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर तैयारियां शुरू करने को निर्देश दिए थे। रेलवे ने कहा है कि उसके अधिकार क्षेत्र के पांच चयनित स्कूलों में कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए। प्रतियोगिताओं का विषय हाइड्रोजन ऊर्जा और विकसित भारत से जुड़ा होगा। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन समारोह में सम्मानित किए जाने की भी योजना है। पत्र के अनुसार कक्षा 6वीं से 9वीं तक के 200 विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल तैयार किया गया है। सभी छात्र जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में सवार होंगे। सभी बच्चों को पांडू पिंडारा स्टेशन पर उतार दिया जाएगा, जहां से उन्हें सड़क मार्ग से वापस जींद स्टेशन लाया जाएगा।


जींद। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले महत्वपूर्ण मांग पर चर्चा करते वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गोयल एवं अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जींद को मिले हाइड्रोजन रेल टेक्नोलॉजी हब का दर्जा : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई के प्रस्तावित जींद दौरे से पहले अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गोयल ने मांग उठाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ साथ जींद को नेशनल हाइड्रोजन रेल टेक्नोलॉजी एंड मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की जाए। इस संबंध में गोयल ने समाज के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। राजकुमार गोयल ने कहा कि यदि जींद में हाइड्रोजन ट्रेनों के रखरखाव, अनुसंधान, परीक्षण, कौशल प्रशिक्षण और भविष्य में निर्माण से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाती हैं तो इससे जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजना से आने वाले वर्षों में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रेलवे, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, होटल, परिवहन और अन्य सहायक क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर निवेश और व्यापार बढ़ेगा। सावर गर्ग और रामधन जैन ने कहा कि जींद हरियाणा के मध्य में स्थित एक प्रमुख रेलवे जंक्शन है और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ भी यहीं से होना प्रस्तावित है। ऐसे में जींद को हाइड्रोजन रेल तकनीक के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

### होगी नई पहल

राजकुमार गोयल ने कहा कि वर्तमान में भारतीय रेलवे के पास चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्टरी, कपूरथला की रेल कोच फैक्ट्री और रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री जैसी उत्पादन इकाइयां हैं, जबकि लखनऊ स्थित रिसर्च डिजाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन अनुसंधान एवं परीक्षण का प्रमुख संस्थान है लेकिन हाइड्रोजन रेल तकनीक के अनुसंधान, परीक्षण, रखरखाव, कौशल विकास और निर्माण के लिए अभी तक देश में कोई समर्पित राष्ट्रीय हब स्थापित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री जींद को नेशनल हाइड्रोजन रेल टेक्नोलॉजी एंड मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने की घोषणा करते हैं तो यह देश की पहली और ऐतिहासिक पहल होगी।

## पीएम की रैली को लेकर जनसंपर्क किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


जींद। बैठक करते हुए टेकराम कंडेला। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद में हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे और हरियाणा मे अनेकों प्रकार की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। कंडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव दालमवाला में पार्टी के लोगों से मीटिंग करके 17 जुलाई को जींद में होने वाली रैली के लिए लोगों से भरी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा, साइकिल, ट्रैक्टर ट्राली व बसों के साथ पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें लोगों में नरेंद्र मोदी के प्रोग्राम का भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जींद के अंदर आकर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत करेंगें। जिससे जींद का नाम पूरे भारत में गूंजेगा। विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से विपक्षी पार्टियों द्वारा जींद जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया है। कंडेला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में जींद जिले का विकास तेजी से हुआ है और इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जींद आने पर जींद के विकास में और ज्यादा तेजी आएगी।

## सफीदों अग्निकांड के पीड़ितों को दी मदद

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख साझा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


जींद। पीड़ितों को सहायता राशि के चेक वितिरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सफीदों क्षेत्र में लगभग पांच महीने पहले घटित हुए बम फैक्टरी अग्नि कांड में अपनी जान गंवाने वाली 12 महिलाओं के परिजनों से कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने भेंट कर उनके दुख में सहभागी बना। उन्होंने बताया कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक थी। जिस समय यह हादसा हुआ, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। अपने घरों का चूल्हा जलाने के लिए मेहनत मजदूरी करने वाली इन महिलाओं की असमय मृत्यु से न केवल उनके परिवार उजड़ गए बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात लगा। आज पीड़ित परिवारों से दोबारा मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कांग्रेस जिला प्रधान ने बताया कि इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना हमारा नैतिक दायित्व है। सरकार और प्रशासन से भी मांग की कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए फैक्ट्रियों में सुरक्षा के कड़े मानदंड लागू किए जाएं। जिला प्रधान ने मानवीय संवेदना के तहत पीड़ित परिजनों को अपनी ओर से 11-11 हजार रूपये की आर्थिक सहायता निजी कोष से प्रदान की।

### दिया हौसला

उन्होंने कहा कि यह राशि बहुत छोटी है, लेकिन इसका उद्देश्य पीड़ित परिवारों को यह भरोसा दिलाना है कि वे इस दुख में अकेले नहीं हैं। समाज का हर वर्ग उनके साथ है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। साथ ही घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस मौके पर मौजूद रहे पूर्व विधायक सुभाष गंगोली, वजीर गंगोली, पवन दुहन, विजेंद्र ढाटरथ, विजय मोर, रणबीर भुसलाना, संजीव सांगवान, बंसीलाल, जेपी रूहील आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को अधिकारों की दी जानकारी

- कसान आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



राजौंद। कसान गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव कसान स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर सुपरवाइजर सावित्री देवी ने उपस्थित महिलाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों का अस्तित्व, सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी, सहायिका व आशा कार्यकर्ता सहित अनेक महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रेरित किया

उन्होंने राजौंद की स्वर्ण विजेता शगनदीप का उदाहरण देते हुए बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों व महिलाओं को बेटी के महत्व, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी ने मिलकर लिंग जांच न करवाने और अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी ने भी अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों में लड़का-लड़की का भेदभाव न करें और बेटियों की शिक्षा में कोई संकोच न बरतें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां पढ़-लिखकर देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रही हैं और समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का आज आखिरी दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कालेजों में दाखिले के लिए आवेदन करने को लेकर अब एक दिन का समय ही रह गया है। विद्यार्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। रविवार होने के कारण ज्यादातर कालेज भी बंद ही रहेंगे। ऐसे में विद्यार्थियों को आनलाइन ही आवेदन करना पड़ेगा। हालांकि सभी कालेजों में जो आवेदन होने थे वे हो चुके हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से आवेदन को लेकर तीन बार समय बढ़ाया था। अब 22 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस बार कालेजों में कक्षाएं भी देरी से शुरू होंगी। जिले भर के 15 राजकीय और निजी कालेजों में करीब 14 हजार आवेदन हो चुके हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से कालेजों में आवेदन को लेकर तीसरी बार नया शेड्यूल जारी किया गया था। शेड्यूल के अनुसार मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थी 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकेंगे। 29 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थी 30 जुलाई से तीन अगस्त तक दाखिला ले सकेंगे। चार अगस्त से ओपन फिजिकल काउंसिलिंग शुरू हो जाएगी। छह अगस्त के बाद जुर्माना सहित दाखिले दिए जाएंगे। अगस्त माह के अंत में कालेजों में कक्षाएं शुरू होंगी। जुलाई के अंत में या अगस्त के पहले सप्ताह में कक्षाएं शुरू हो जानी थी।

### हेल्प डेस्क लगाए

कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन करने का समय 12 जुलाई को रहेगा। जो विद्यार्थी किसी भी कारण से आवेदन नहीं कर पाए थे वे आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 22 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी। विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाए हैं।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांत कार्यकारिणी बैठक आज जींद में

**जींद।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कल 12 जुलाई को गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जींद में किया जाएगा। इस बैठक में हरियाणा के सभी जिलों से जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा प्रांत कार्यकारिणी के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में ग्राहक अधिकारों की सुरक्षा, उपभोक्ता जागरूकता, संगठन की भावी कार्ययोजना तथा वर्तमान समय में ग्राहकों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला जींद के अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें प्रदेशभर से आए प्रतिनिधि अपने जिलों की समीक्षा करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**समारोह** एलसीसी, बीएफएसआई युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ सामाजिक चेतना फैला रहा

# हरियाणा की प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान

- राष्ट्रीय उत्कृष्टता एवं प्रेरणा सम्मान 2026 कार्यक्रम का भव्य आयोजन
- मोतीलाल नेहरू स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में युवाओं को बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पिछले 12 वर्षों से कार्यरत एलसीसी-बीएफएसआई द्वारा शनिवार को शहर के एक निजी होटल में राष्ट्रीय उत्कृष्टता एवं प्रेरणा सम्मान 2026 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बैंक अधिकारी, शिक्षाविद्, चिकित्सक, साहित्यकार, रंगकर्मी, उद्योगपति, समाजसेवी तथा युवा पेशेवर बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगार, कौशल विकास, नेतृत्व निर्माण और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता आधारशिला पब्लिक स्कूल की निदेशक अंजू सिहाग ने की।



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

विशिष्ट अतिथियों में मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया, राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित सुभाष ढिगाना, आधारशिला स्कूल के उपनिदेशक आशुतोष शर्मा, रंगकर्मी रमेश मूर्ति, डा. राजेश भोला, मंगत राम शास्त्री, आशुतोष शर्मा, डा. सीमा मलिक, डा. नीरज, मंजू मानव, डा. हनीफ भट्टी, शिवराज गोयत, रविंद्र अन्ना, दीपक कौशिक और यशुदास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार ने कहा कि एलसीसी बीएफएसआई केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर सामाजिक चेतना को भी मजबूत कर रहा है।